<u>राज्य सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 3021

21 मार्च, 2018 को उत्तर के लिए

एलॉय स्टील प्लांट दुर्गापुर के श्रमिकों को रोज़गार

3021. श्री अहमद हसनः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने दुर्गापुर में मिश्रित इस्पात संयंत्र (ए॰ एस॰ पी॰) के विनिवेश के बाद इस इस्पात संयंत्र के मौजूदा श्रमिकों को रोज़गार सुनिश्चित कराने हेतु कोई योजना बनाई है;

(ख) यदि हां, तो सरकार किस प्रक्रिया के माध्यम से नियमित तथा संविदात्मक श्रमिकों के लिए रोजगार सुनिश्चित करने की योजना रखती है;

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार के पास विनिवेश के कारण रोजगार खो देने वाले श्रमिकों के लिए रोजगार प्रदान करने हेतु वैकल्पिक योजनाएं हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री विष्णु देव साय)**

(क) से (घ): सरकार ने एलॉय स्टील प्लांट (एएसपी), दुर्गापुर के योजनाबद्ध विनिवेश के लिए 'सैद्धांतिक' अनुमोदन प्रदान कर दिया है। योजनाबद्ध बिक्री की शर्तों एवं निबंधन से शेयर खरीद करार और शेयर धारक करार में कर्मचारियों की चिंताओं का उपयुक्त समाधान योजनाबद्ध विनिवेश के दौरान उपयुक्त समय पर हो जाएगा।

*****